**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक: 05.07.2025** **समय : 09:00 ए.एम.**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में आज अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स पंहुचे।**

- **अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस आज–प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे है विभिन्न नवाचार।**

- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जोधपुर और बालोतरा प्रवास पर–अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत लगाये गये शिविरों का जायजा लेंगे।**

- **राज्य के कई क्षेत्रों में मॉनसून की अच्छी बारिश–जलस्त्रोतों में पानी की लगातार आवक।**

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में आज अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स पंहुचे। इस यात्रा का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण देशों के साथ भारत के संबंध को मजबूत बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी अर्जेंटीना के स्वतंत्रता सेनानी और राष्ट्रीय नायक जनरल जोस डी सैन मार्टिन की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। श्री मोदी कल रियो डि जेनेरो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वे शिखर सम्मेलन से अलग ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा और अन्य वैश्विक नेताओं के साथ बैठकें करेंगे।

0000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एनपीएस के तहत वर्तमान में उपलब्ध सभी कर लाभ नई शुरू की गई एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस में भी लागू रहेंगे। वित्त मंत्रालय के अनुसार यूपीएस को कर ढांचे के अन्तर्गत शामिल करने से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति सुरक्षा और मजबूत हो जायेगी। ये प्रावधान मौजूदा एनपीएस संरचना के साथ समानता सुनिश्चित करते हैं और यूपीएस चुनने वाले कर्मचारियों को पर्याप्त कर राहत और प्रोत्साहन देते हैं।

0000

राज्य सरकार ने विभिन्न गांवों में बनने वाले 20 अटल प्रगति पथों की स्वीकृति जारी कर दी है। इन पर 82 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। उपमुख्यंमत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी ने ये मंजूरी जारी की। इसके अनुसार 14 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 49 किमी लम्बाई के अटल प्रगति पथ बनाये जायेंगे। इनमें नोखा, लूणी, खेतड़ी, श्रीडूंगरगढ़, अनूपगढ़, लूणकरणसर, बेगू, चित्तौड़गढ़ मनोहरथाना, खानपुर, मण्डावा, और मेड़ता सहित अन्य विधानसभा क्षेत्र शामिल है। गौरतलब है कि अब तक 574 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले 269 अटल प्रगति पथों की स्वीकृति उपमुख्यमंत्री द्वारा जारी की जा चुकी है।

0000

आज अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस है। सहकारिता के माध्यम से बेहतर कल के निर्माण के उद्देश्य से ये दिन हर साल जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है। इस बार सहकारिता दिवस का विषय है **सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है**। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज गुजरात के आणंद में देश के पहले राष्ट्रीय स्तर के सहकारी विश्वविद्यालय का उद्घाटन करेंगे। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने साल 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया था। राजस्थान में भी सहकारिता के क्षेत्र को मजबूत बनाने और सहकारी आन्दोलन को गांव–गांव तक पहुंचाने के लिए नवाचार किये जा रहे है, जिनसे बड़े स्तर पर आमजन लाभान्वित हो रहे हैं।

-----

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि सहकारिता एक वैश्विक जागरूकता आंदोलन है जिसमें दुनिया की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण की चुनौतियों का समाधान है।

00000

प्रदेश में विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत शिविर लगाकर लोगों को राहत दी जा रही है। इन शिविरों में पेयजल, स्वास्थ्य और राजस्व से जुडे लंबित मामलों का आपसी सहमति से मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। साथ ही पात्र व्यक्तियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंहुचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित केबिनेट के कई अन्य मंत्री जगह–जगह लगे इन

शिविरों का निरीक्षण कर रहे है। इसी कडी मे मुख्यमंत्री आज बालोतरा के पादरू में लगाये गये शिविर का अवलोकन करेंगे। वे वहां लाभर्थियों से संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री कुछ और कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।

-----

मुख्यमंत्री जोधपुर के शेरगढ़ तहसील के सोइंतरा गांव में लगाये गये शिविर का भी दौरा करेंगे। इससे पहले कल उन्होंने खेरथल–तिजारा जिले के असलीमपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने गरीबी मुक्त गांव योजना शुरू करने की सिर्फ घोषणा ही नहीं की है, बल्कि योजना के लिए तीन सौ करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान भी किया है।

0000

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 30वां संस्करण इस रविवार को देशभर में छह हजार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। एक दिन के इस कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोग प्रदूषण और मोटापे से मुक्त भारत की दिशा में अच्छे स्वास्थ्य के लिए साइकिल चलाएंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल धीरे–धीरे एक जन–आंदोलन बन गया है। उन्होंने सभी नागरिकों और समुदायों से इस पहल का हिस्सा बनने और स्वस्थ रहने के लिए साइकिल चलाने का आग्रह किया।

0000

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर मॉनसून के बादल जमकर बरस रहे है। इससे जलस्त्रोतों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। शिवालिक की पहाडियों से बरसात का पानी घग्घर नदी में आने लगा है। इस पानी से धान की रोपाई कर रहे किसानों को फायदा पंहुचेगा। भारी बारिश से कुछ स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कल भी कई स्थानों पर बरसात हुई। राजधानी जयपुर में कई क्षेत्रों में पानी भर जाने से यातायात भी प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने आज सवाईमाधोपुर, बूंदी और टोंक जिलों तथा आसपास के क्षेत्रों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर कहीं–कहीं एक–दो दौर तेज बरसात के हो सकते है। इसके साथ ही करौली, बारां, झालावाड, भीलवाडा, कोटा, चित्तौडगढ राजसमंद में कहीं कहीं हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। विभाग ने पूर्वी हिस्सों में आगामी 3–4 दिन बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। इसके साथ ही नदी नालों में उफान की आशंका को देखते हुए लोगों से ऐसे स्थानों पर नहीं जाने की सलाह दी है। साथ ही जल भराव वाले इलाकों में बिजली के खम्भो के नजदीक खडे नहीं होने को कहा है।

0000